ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2024

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

सत्रांत परीक्षा **2023-24**
विषय - हिंदी
कक्षा - छठवीं

निर्धारित समय : **2** घंटे **30** मिनट अधिकतम अंक : **60**

सामान्य निर्देश : -

- प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है।
- समय-सीमा का ध्यान रखते हुए निर्देशानुसार उत्तर लिखिए।
-

प्रश्न-1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5=5

मेरे पिता जी करमचंद गांधी थे। वे राजकोट के दीवान थे। वे सत्यप्रिय, न्यायप्रिय, साहसी और उदार व्यक्ति थे। मेरी माता का स्वभाव बहुत अच्छा था। वे धार्मिक विचारों की महिला थीं। पूजा-पाठ किए बिना भोजन नहीं करती थीं। 2 अक्टूबर सन् 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर मेरा जन्म हुआ। पोरबंदर से पिता जी जब राजकोट गए, तब मेरी आयु सात वर्ष की होगी। पाठशाला से फिर ऊपर के स्कूल में वहाँ से हाईस्कूल में गया। मुझे यह याद नहीं है कि मैंने कभी किसी शिक्षक या लड़के से झूठ बोला हो। मैं बहुत संकोची था। एक बार पिता जी 'श्रवण-पितृभक्ति' नामक नाटक की एक किताब खरीद लाए थे। मैंने उसे बड़े शौक से पढ़ा। उन्हीं दिनों शीशे में तस्वीर दिखाने वाले लोग आया करते थे। तभी मैंने अपने अंधे माता-पिता को बहँगी पर बैठाकर ले जाने वाले श्रवण कुमार का चित्र देखा। इन बातों का मेरे मन पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ा। मन-ही-मन मैंने कहा कि मैं भी श्रवण की तरह बनूँगा।

i- उपरोक्त अनुच्छेद में कौन अपने बारे में बता रहा है**?**

(क) जवाहर लाल नेहरु (ग) महात्मा गांधी
(ख) वीर सावरकर (घ) भीम राव अम्बेडकर

ii- कथन-

अ) उनके पिताजी सत्यप्रिय, न्यायप्रिय, साहसी और उदार व्यक्ति थे।
ब) एक बार उनके पिता जी 'श्रवण-पितृभक्ति' नामक नाटक की एक किताब खरीद लाए थे।
स) उसी किताब में उन्होंने श्रवण कुमार का चित्र देखा।
द) मन-ही-मन उन्होंने कहा कि वे भी श्रवण की तरह बनेंगे।

विकल्प

(क) कथन अ), ब), स), द) सही हैं (ग) कथन ब), स), द) सही हैं
(ख) कथन अ), ब), द) सही हैं (घ) कथन अ), ब), द) सही हैं

iii- गांधी जी की माता जी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

(क) उनकी माता जी का स्वभाव अच्छा था (ग) पूजा-पाठ किए बिना भोजन नहीं करती थीं
(ख) वे धार्मिक विचारों की महिला थीं। (घ) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।

iv- गांधी जी का जन्म **2** अक्टूबर **1869** को **.....** में हुआ था|

(क) पोरबंदर (ग) अहमदाबाद
(ख) गांधीनगर (घ) साबरमती

v- जब गांधी जी के पिता जी पोरबंदर से राजकोट गए, उस समय उनकी उम्र थी-

(क) 2 वर्ष (ग) 5 वर्ष
(ख) 3 वर्ष (घ) 7 वर्ष

प्रश्न-2 निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर अधोलिखित प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

सवेरे उठा तो धूप खिल कर छा गई थी
और एक चिड़िया अभी-अभी गा गई थी

schools.aglasem.com
aglasem.com

मैंने धूप से कहा-मुझे थोड़ी गरमाई दोगी उधार
चिड़िया से कहा-थोड़ी मिठास दोगी उधार?
मैंने घास की पत्ती से पूछा-तनिक हरियाली दोगी तिनके की नोक भर?
शंखपुष्पी से पूछा-उजास दोगी-किरण की ओक-भर?
मैंने हवा से माँगा, थोड़ा खुलापन-बस एक प्रवास
लहर से एक रोम की सिहरन-भर उल्लास
मैंने आकाश से माँगी
आँख की झपकी-भर असीमता उधार
सबसे उधार माँगा, सबने दिया
यों मैं जिया और जीता हूँ;
क्योंकि यही सब तो जीवन है
गरमाई,मिठास,हरियाली,उजाला
गंधवाही मुक्त खुलापन, लोच, उल्लास, हरित प्रवाह
और बोध भव्य निर्व्याज निस्सीम का
ये सब उधार पाए हुए द्रव्य

i- कवि जब सवेरे उठा तो-

(क) धूप खिल कर छा गई
(ख) चिड़िया ने गीत गाया
(ग) (क) और (ख) दोनों ही सही हैं
(घ) इनमें से कोई नहीं

ii- निस्सीम का अर्थ है-

(क) असीम
(ख) ससीम
(ग) जिसकी सीमा हो
(घ) इनमें से कोई नहीं

iii- कवि को लहर से क्या मिला**?**

(क) धूप
(ख) खुलापन
(ग) उजास
(घ) रोम की सिहरन भर

iv- कवि के अनुसार जीवन क्या है**?**

(क) प्रकृति के द्रव्य
(ख) धन के द्रव्य
(ग) मित्र का साथ
(घ) इनमें से कुछ नहीं

v- कवि ने क्या-क्या उधार लिया**?**

(क) गरमाई
(ख) मिठास
(ग) हरियाली, उजाला
(घ) ये सभी

प्रश्न**-3** पाठ पर आधारित व्याकरण/भाषा की बात से निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1x12=12

i- 'दो किलो अनाज दे दो।' वाक्य में विशेषण का कौन-सा भेद है?

(क) गुणवाचक विशेषण
(ख) संख्यावाचक विशेषण
(ग) परिमाणवाचक विशेषण
(घ) संकेतवाचक विशेषण

ii- भाववाचक संज्ञा के उदाहरण है-

(क) नदी, पर्वत, मकान
(ख) हिमालय, गंगा, रमेश
(ग) सीख, मिठास, मज़दूरी
(घ) दौड़ना, खेलना, चढ़ना

iii- 'अवधि-अवधी' सम श्रुतिभिन्नार्थक शब्द का सही उत्तर होगा-

(क) रास्ता और समय सीमा
(ख) समय सीमा और स्थान
(ग) समय सीमा और व्यक्ति
(घ) समय सीमा और भाषा

iv- उचित योजक शब्द का प्रयोग कर खाली जगह भरिए-

.....मुझे पता होता कि शमीना बुरा मान जाएगी **.....**मैं यह बात न कहती।

(क) अगर, ताकि
(ख) यदि, इसलिए
(ग) यदि, नकि
(घ) यदि, तो

schools.aglasem.com
aglasem.com

v- 'ईला' प्रत्यय से बना शब्द है-

(क) पथरीला (ग) अकेला

(ख) गर्वीला (घ) (क) और (ख) दोनों

vi- सही विकल्प का चयन कीजिए-

(क) गृह- घर; ग्रह-नक्षत्र; निर्धन-मृत्यु; निधन-गरीब

(ख) गृह- नक्षत्र; ग्रह-घर; निर्धन-गरीब; निधन-मृत्यु

(ग) गृह- गरीब; ग्रह-घर; निर्धन-नक्षत्र; निधन-मृत्यु

(घ) गृह- घर; ग्रह-नक्षत्र; निर्धन-गरीब; निधन-मृत्यु

vii- चारपाई, सप्तर्षि, अठन्नी, तिराहा शब्दों में जुड़े कौन-कौन से अंक जुड़े हैं?

(क) चार, पाँच, नौ, तीन (ग) चार, सात, आना, तीन

(ख) चार, सात, आठ, तीन (घ) चार, सात, इकन्नी, तीन

viii- 'छह माह का समय' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा

(क) चौमासा (ग) तिमाही

(ख) बारहमासा (घ) छमाही

ix- रोपाई, कटाई संज्ञा शब्दों की क्रिया लिखो-

(क) रोप, आई (ग) रोपना, काटना

(ख) आई, काट (घ) इनमें से कोई नहीं

x- प्रश्नवाचक वाक्य का उदाहरण है-

(क) अभी और कितना चलना है?

(ख) पर्णकुटी कहाँ बनेगी?

(ग) इस स्वतंत्रता महायज्ञ में कई वीरवर आए काम

(घ) (क) और (ख) दोनों

xi- सौभाग्य शब्द का विलोम है-

(क) भाग्य (ग) दुराग्रह

(ख) दुर्भाग्य (घ) अहोभाग्य

xii- रीतिवाचक क्रिया विशेषण का उदाहरण है-

(क) वह नित्य पढ़ता है। (ग) वह तेजी से चलता है।

(ख) वह कल घर जाएगा। (घ) वह बहुत बोलता है।

प्रश्न-**4** पाठ्य पुस्तक वसंत-**1** से दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

लोकगीत अपनी लोच, ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं। लोकगीत सीधे जनता के संगीत हैं। घर, गाँव और नगर की जनता के गीत हैं ये। इनके लिए साधना की ज़रूरत नहीं होती। त्योहारों और विशेष अवसरों पर ये गाए जाते हैं। सदा से ये गाये जाते हैं और इनके रचनेवाले भी अधिकतर गाँव के लोग ही हैं। स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है। ये गीत बाजों के बिना ही या साधारण ढोलक, झाँझ, करताल, बाँसुरी आदि की मदद से गाए जाते हैं।

i- लोकगीत किनसे भिन्न हैं?

(क) गैर-शास्त्रीय (ग) (क) और (ख) दोनों ही सही हैं

(ख) शास्त्रीय (घ) अशास्त्रीय

ii- लोकगीत की क्या विशेषता है-

(क) लोच (ग) लोकप्रियता

(ख) ताजगी (घ) उपरोक्त सभी

iii- लोकगीतों की रचना के सम्बन्ध में निम्नलिखित पर विचार कीजिए-

(1) स्त्रियों ने भी इनकी रचना में विशेष भाग लिया है।

(ब) इनके रचनेवाले भी अधिकतर शहर के लोग ही हैं।

schools.aglasem.com

aglasem.com

विकल्प:

(क) केवल अ)

(ख) केवल ब)

(ग) अ) और ब) दोनों ही सही हैं

(घ) अ) और ब) दोनों ही गलत हैं

iv- कथन: **A)**इनके लिए साधना की जरूरत नहीं होती।

कारण: **R)**लोकगीत अपनी लोच, ताजगी और लोकप्रियता में शास्त्रीय संगीत से भिन्न हैं।

(क) कथन: A) सही है और कारण R)गलत

(ख) कथन: A) सही है और कारण R)सही

(ग) कथन: A) गलत है और कारण R)गलत

(घ) कथन: A) गलत है और कारण R)सही

v- 'लोकगीत' पाठ के लेखक हैं**?**

(क) हेलेन केलर (ग) जवाहर लाल नेहरू

(ख) भगवत शरण उपाध्याय (घ) महात्मा गाँधी

प्रश्न-**5** पाठ्य-पुस्तक वसंत-**1** से दी गई काव्य पंक्तियों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर हेतु सही विकल्प का चयन कीजिए- 1x5= 5

पुर तें निकसी रघुवीर-बधू, धरि धीर दए मग में डग द्वै।

झलकीं भरि भाल कनी जल की, पुट सूखि मधुराधर वै।।

फिरि बूझति हैं, "चलनो अब केतिक, पर्नकुटी करिहौं कित ह्वै?" ।

तिय की लखि आतुरता पिय की अँखियाँ अति चारु चलीं जल च्वै।।

i- रघुवीर यहाँ किसे कहा गया है**?**

(क) लक्ष्मण को (ग) राम को

(ख) भरत को (घ) इनमें से किसी को नहीं

ii- अयोध्या से वन कौन-कौन जा रहे हैं**?**

(क) राम (ग) सीता

(ख) लक्ष्मण (घ) उपरोक्त तीनों

iii- वन के मार्ग में सीता जी राम जी से क्या पूछती हैं**?**

(क) अभी और कितना चलना है? (ग) केवल (क)

(ख) पर्णकुटी कहाँ बनेगी? (घ) (क) और (ख) दोनों

iv- उपरोक्त पद्य खंड का शीर्षक है-

(क) वन के मार्ग में (ग) सवैया

(ख) सबसे छोटी होऊँगा मैं (घ) इनमें से कोई नहीं

v- उपरोक्त पद्य खंड के रचयिता कौन हैं**?**

(क) सुमित्रानंदन पंत (ग) जया विवेक

(ख) तुलसीदास (घ) अनु बंद्योपाध्याय

प्रश्न-**6** पाठ्य-पुस्तक वसंत-**1** के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2x2=4

(क) लेखिका कृष्णा सोवती अपने बचपन में कौन –कौन सी चीजें मजा ले-लेकर खाती थीं ? उनमें से प्रमुख फलों के नाम लिखो |

(ख) लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गांधी जी ने क्या किया? 'नौकर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

(ग) दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है? कुछ चीज़ों के नाम लिखो| 'संसार पुस्तक है' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए|

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न-**7** पाठ्य-पुस्तक वसंत-**1** के पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2x2=4

(क) 'झाँसी की रानी' कविता में किस दौर की बात है? कवयित्री लक्ष्मीबाई को 'मर्दानी' क्यों कहती थीं?

(ख) कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' क्यों कहा गया है?

(ग) राम ने थकी हुई सीता की क्या सहायता की? 'वन के मार्ग में' कविता के आधार पर बताइए|

प्रश्न-**8** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'बाल रामकथा से निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2x3= 6

(क) सुग्रीव ऋष्यमूक पर्वत पर क्यों और किसके डर से रहते थे?

(ख) लंका जाते समय हनुमान को किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?

(ग) राज्याभिषेक के समय सीता ने अपने गले का हार उतारकर किसे और क्यों दिया?

(घ) राम के राज्य में अयोध्या कैसी थी?

प्रश्न-**9** पुस्तकालय में हिन्दी साहित्य की कमी का जिक्र करते हुए, उन्हें बढ़ाने का अनुरोध करते हुए अपने विद्यालय के प्राचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 1x5=5

अथवा

आप कुमुद या कुमुदिनी, 17/1 वसंत विहार दिल्ली के निवासी हैं। अपने विद्यालय में गणतंत्र दिवस के आयोजन की जानकारी देते हुए अपने बड़े भाई अ.ब.स. को एक पत्र लिखिए।

प्रश्न-**10** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग **80-100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 1x5=5

(क) मेरा प्रिय लेखक

(ख) विज्ञान: अभिशाप या वरदान

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

प्रश्न-**11** 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को लेकर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 1x4=4



अथवा

मेट्रो रेल में यात्रा कर रहे दो मित्रों के मध्य हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए |

------x-------

schools.aglasem.com

aglasem.com

सत्रांत परीक्षा **2023-24**

विषय **-** हिंदी

कक्षा **–** छठवीं

अंक-योजना

निर्धारित समय **: 2** घंटे **30** मिनट अधिकतम

अंक **: 60**

सामान्य निर्देश **: -**

- इस अंक योजना का उद्देश्य मूल्याङ्कन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है |
- यदि छात्र इन अंक-योजना से भिन्न किन्तु उपयुक्त उत्तर दें, उन्हें अंक दिए जाएँ |
- सामान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटे जाएँ |

प्रश्न**-1**

i- (ग) महात्मा गाँधी

ii (घ) कथन अ), ब), द) सही हैं

iii (घ) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं।

iv- (क) पोरबंदर

v- (घ) 7 वर्ष

प्रश्न**-2**

i- (ग) (क) और (ख) दोनों ही सही हैं

ii- (क) असीम

iii- (घ) रोम की सिहरन भर

iv- (क) प्रकृति के द्रव्य

v- (घ) ये सभी

प्रश्न**-3**

. (ग) परिमाणवाचक विशेषण

i. (ग) सीख, मिठास, मजदूरी

iii- (घ) समय सीमा और भाषा

iv- (घ) यदि, तो

v- (घ) (क) और (ख) दोनों

vi- (घ) गृह- घर; ग्रह-नक्षत्र; निर्धन-गरीब; निधन-मृत्यु

vii- (ख) चार, सात, आठ, तीन

viii- (घ) छमाही

ix- (ग) रोपना, काटना

x- (घ) (क) और (ख) दोनों

xi- (ख) दुर्भाग्य

xii- (ग) वह तेजी से चलता है।

प्रश्न**-4**

i- (ख) शास्त्रीय

ii- (घ) उपरोक्त सभी

iii- (क) केवल अ) सही है

schools.aglasem.com

aglasem.com

iv- (ख) कथन: A) सही है और कारण R)सही

v- (ख) भगवत शरण उपाध्याय

प्रश्न-**5**

i- (ग) राम को

ii- (घ) उपरोक्त तीनों

iii- (घ) (क) और (ख) दोनों

iv-(क) वन के मार्ग में

v- (ख) तुलसीदास

प्रश्न-**6**

(क) लेखिका बचपन में चाकलेट, काफ़ल, रसभरी, चेस्टनट, चना जोर गरम आदि मजे लेकर खाती थीं |

(ख) लंदन में भोज पर बुलाए जाने पर गाँधी जी स्वयं जल्दी पहुँचकर भोज की तैयारी करने लगे| शाम को सभी को पता चला कि ये दुबला-पतला व्यक्ति कोई और नहीं स्वयं गाँधी जी हैं, जो अतिथि थे|

(ग) दुनिया का पुराना हाल चट्टानों के टुकड़े, वृक्षों, पहाड़ों, सितारे, नदियों, समुद्र, जानवरों की हड्डियों आदि चीज़ों से जाना जाता है|

प्रश्न-**7 (क)** रानी लक्ष्मीबाई ने वीर मर्दों अर्थात योद्धाओं की तरह अंग्रेजों से युद्ध किया, अत्यधिक वीरता दिखाकर झाँसी की रक्षा करने का प्रयास किया। इसीलिए कवयित्री ने उसे मर्दानी कहा है।

(ख) कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' इसलिए कहा गया है ताकि बच्ची अधिक समय तक माँ के साथ रह सके। वह ऐसी बड़ी बनना पसंद नहीं करती जिससे वह माँ का प्यार न पा सके। ... इसलिए इस कविता में 'ऐसी बड़ी न होऊँ मैं' की कामना की गई है।

(ग) राम ने थकी हुई सीता को देखकर लक्ष्मण को जल लाने के लिए भेज दिया और स्वयं पेड़ के नीचे बैठकर पैरों की धूल साफ़ करते हुए धीर-धीरे काँटे निकालने लगे जिससे सीता कुछ देर और आराम कर सकें|

प्रश्न-**8**

1. सुग्रीव ऋष्यमूक पर्वत पर अपने भाई बाली के भय से रहता था क्योंकि उनके बीच मतभेद था, जिस कारण बाली ने सुग्रीव की पत्नी और राज्य छीन लिया था|
2. लंका जाते समय हनुमान को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा| उनका मार्ग सुरसा और लंकिनी ने रोका|
3. सीता ने अपना हार हनुमान को उनकी स्वामिभक्ति और समर्पण हेतु दिया|
4. राम के राज्य में अयोध्या में सभी प्रसन्न थे किसी को किसी से कोई मतभेद नहीं था |

प्रश्न-**8** दिए गए निर्देश के अनुसार पत्र लिखिए-

5x1= 5

- प्रारंभ व अंत की औपचारिकताएँ-1
- भाषा-1
- विषय वस्तु-3

प्रश्न-**9** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक पर **80-100** शब्दों में निबंध लिखिए।

5x1=5

- भाषा-1
- विषय-वस्तु-3
- प्रस्तुति-1

schools.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न**-10** 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम को लेकर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए। 5

- विषय- वस्तु-2
- भाषा-1
- प्रस्तुति-1

schools.aglasem.com

AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com aglasem.com

QUESTION PAPERS

GET PREVIOUS YEAR QUESTION PAPERS FOR ALL CLASSES FOR CBSE, ISCSE, ISC AND ALL ALL STATE BOARDS HERE AT AGLASEM.COM

BOARD WISE

- Andhra Pradesh Board Question Papers
- Assam Board Question Papers
- Bihar Board Question Papers
- Chhattisgarh Board Question Papers
- Goa Board Question Papers
- Gujarat Board Question Papers
- Haryana Board Question Papers
- Himachal Pradesh Board Question Papers
- J&K State Board Question Papers
- Jharkhand Board Question Papers
- Karnataka Board Question Papers
- Kerala Board Question Papers
- Madhya Pradesh Board Question Papers
- Maharashtra State Board Question Papers
- Manipur Board Question Papers
- Meghalaya Board Question Papers
- Mizoram Board Question Papers
- Nagaland Board Question Papers
- Orissa Board Question Papers
- Punjab Board Question Papers
- Rajasthan Board Question Papers
- Tamil Nadu Board Question Papers
- Telangana State Board Question Papers
- Tripura Board Question Papers
- Uttarakhand Board Question Papers
- Uttar Pradesh (UP) Board Question Papers
- West Bengal (WB) Board Question Papers